हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी, 2024

11 चालकों की हड़ताल से पंपों की तेल बिक्री में गिरावट



12 विकास के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी



## खबर संक्षेप

### आईबीपीएस आरआरबी का प्रोविजनल रिजल्ट जारी

**नारनौल।** इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन ने मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है, जो अभ्यार्थी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में कार्यालय सहायकों की भर्ती परीक्षा में उपस्थित हुए है, वे अब वेबसाइट आईबीपीएस डॉट इन पर रिजल्ट देख सकते है। रिजल्ट देखने के लिए रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर डिटेल्स की जरूरत पड़ेगी।

### एसबीआई क्लर्क भर्ती के लिए एडमिट कार्ड जारी

**नारनौल।** भारतीय स्टेट बैंक ने क्लैरिकल कैडर में जूनियर एसोशिएट्स के आठ हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले चरण में आयोजित की जाने वाली ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए है। बैंक की ओर से जारी कॉल लेटर जिसे उम्मीदवार परीक्षा तिथि तक डाउनलोड कर सकते है। प्रारंभिक परीक्षा पांच व छह जनवरी तथा 11 व 12 जनवरी को आयोजित करवाई जाएगी।

### दो स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब पकड़ी

**कनीना।** शहर थाना पुलिस ने छापेमारी कर दो स्थानों से अवैध देसी शराब बरामद की है। इस बारे में थाना इंचार्ज कमलदीप राणा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उन्हाणी से तीन बोतल तथा 18 पव्वा अवैध देसी शराब बरामद की। आरोपित की पहचान सतपाल उर्फ धोलिया वासी उन्हाणी के रूप में हुई। भड़फ के पास नाकाबंदी कर एक काले रंग की गाड़ी से 79 पेटी पव्वा अवैध शराब बरामद हुई। गाड़ी चालक की पहचान कुलदीप वासी सुढ़ानी, थाना बादली, जिला झज्जर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर कल

**मंडी अटेली।** नववर्ष के उपलक्ष्य में 4 जनवरी को मिश्री देवी आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर नीमराना-बहरोड़ एवं अग्रवाल अटेली मण्डी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. प्रवीन कुमार व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विकास यादव करेंगे।

### हिंदू संगठन 14 को निकालेंगे शोभायात्रा

**कनीना।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित होने वाले विशाल समारोह के उपलक्ष्य में 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर हिंदू संगठनों की ओर से अटेली से कनीना तक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## इलाके में पड़ रही कड़ाके की सर्दी, लोग परेशान

# ठंड बढ़ने के साथ ही खांसी जुकाम व बुखार के रोगी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

ठंड बढ़ने के साथ बच्चों व बुजुगार्ं में खांसी, जुकाम, बुखार एवं एलर्जी का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। वहीं सांस व हृदय रोग के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। सबसे अधिक मरीज खांसी, जुकाम व बुखार के आ रहे हैं। इनमें बच्चों व बुजुगार्ं की संख्या अधिक है। उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में सुबह से ही लोगों की लाइन लग जाती है। पिछले दो-तीन दिनों से सुबह-शाम ठंड रहती है और दिन में नाममात्र को ही धूप निकलती है। इस कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण के चलते एलर्जी के रोगियों की संख्या भी बढ़ी है। अस्पताल की ओपीडी में बीते सप्ताह तक 250 से 300 तक मरीज पहुंच रहे थे, लेकिन बीते तीन दिनों से ठंड बढ़ने से अब मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मौसम में परिवर्तन के बाद नागरिक अस्पताल में मरीजों की संख्या पहले की तुलना में बढ़ गई है। इसके चलते सुबह से ही अस्पताल के ओपीडी से लेकर पंजीकरण काउंटर पर भीड़ देखने को मिल रही है।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार नागरिक अस्पताल में सामान्य दिनों में 250 के करीब ओपीडी रहती है, लेकिन मौसम में बदलाव के बाद से मरीजों की संख्या बढ़ने से ओपीडी की संख्या 400 के करीब पहुंच गई है। ठंड लगने के चलते दिसंबर में नागरिक अस्पताल में सर्दी के 122, जुकाम-खांसी के 621, बुखार के 556 तथा अस्थमा के 24 मरीज उपचार लेने पहुंचे थे, जबकि अब दो दिनों से ठंड बढ़ने से यह संख्या और बढ़ गई है। इस मौसम में सुबह-शाम गर्म कपडे. पहने। गर्म पानी पीएं और गर्म भोजन का सेवन करें। शाम के बाद बच्चे को अनावश्यक घर से न निकलने दें। ब्लड प्रेशर और शुगर की दवा का सेवन नियमित करें। ठंड में अचानक घर से बाहर न निकलें। मॉर्निंग वॉक करने वाले सूयार्ेदय के बाद ही घर से निकले। किसी प्रकार की परेशानी हुई हो तो डाक्टर की सलाह लें। बच्चों को खासतौर पर ठंड से बचाएं। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।



नारनौल। नागरिक अस्पताल में पर्ची बनवाते लोग। फोटो : हरिभूमि

### यह बरतें सावधानी

कड़ाके की ठंड में बच्चों को जुकाम होना आम बात है। इसे नजर अंदाज न करें। वरना निमोनिया भी हो सकता है। इसके लिए अभिभावकों को जागरूक और सचेत रहने की आवश्यकता है, ताकि बच्चे ठंड की चपेट में न आ पाएं। नवजात से पांच वर्ष तक के बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनाएं और उसे ढक कर रखें। स्कूल जाने वाले बच्चों को गर्म कपड़ा और टॉपी पहनाकर ही भेजें। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स से बच्चों के दूर रखें। परेशानी हो तो चिकित्सक का परामर्श व उपचार लें।

### यह कहते हैं चिकित्सक



मौसम में बदलाव के चलते बच्चे एवं बुजुर्ग ठंड एवं वायरल बुखार की चपेट में अधिक आ रहे हैं। इस मौसम में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। न्यूनतम और अधिकत्तम तापमान लगातार कम होते जा रहे हैं। इसलिए बच्चों ही नहीं, सभी को गर्म कपड़े पहनकर रहना चाहिए। अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। दिक्कत हो तो चिकित्सक का परामर्श लेकर उपचार लें।

-डॉ. कंवर सिंह चौहान, चिकित्सा अधीक्षक, नागरिक अस्पताल, नारनौल।

### प्रदूषण से दमा और एलर्जी के केसों में वृद्धि

जिले में पर्यावरण प्रदूषित होने की वजह से बच्चों में एलर्जी व दमा की शिकायतें बढ़ रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार प्रतिदिन 50 से 100 मरीज दमा, एलर्जी व हृदय रोग के आ रहे हैं।



नारनौल। पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन देते जिला अध्यक्ष दयाराम यादव। फोटो : हरिभूमि

## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दे रही मोदी सरकार

**नारनौल।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव छाजियावास व जाटवास, अटेली खंड के गढ़ी रुथल व महासर, नांगल चौधरी खंड के गांव नांगल सोडा व थनवास तथा निजामपुर खंड के घाटासेर व बसीरपुर गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव नांगल सोडा, थनवास, घाटासेर व बसीरपुर में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं छाजियावास व जाटवास में युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन खैरवाल, गढ़ी रुथल व महासर में समाज कल्याण विभाग बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मनोहर-मोदी की डबल इंजन की सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है।



महेंद्रगढ़। डीसी मोनिका गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# अयोध्या धाम बस चलवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

- अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह
- महेंद्रगढ़ से अयोध्या जाने के लिए कोई परिवहन सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे शहर में उत्साह है। ऐसे में 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग अयोध्या जाने के लिए उत्साह है, लेकिन महेंद्रगढ़ के बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन से अयोध्या जाने के लिए कोई परिवहन सुविधा नहीं है। ऐसे में महेंद्रगढ़ के लोगों को अयोध्या जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ेगी।

बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग अयोध्या जाने के लिए उत्साह है। प्रदेश सरकार ने भी तीन जिलों से अयोध्या के लिए बस चलाने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन महेंद्रगढ़ से अयोध्या के लिए कोई परिवहन सुविधा नहीं है। बस स्टैंड से बस चलवाने को लेकर सामाजिक संगठन के लोगों ने मंगलवार को डीसी मोनिका गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है।

### प्रतिदिन तीन बसें चलाने की मांग

*समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट बंशीलाल यादव व शमशेर ने बताया कि महेंद्रगढ़ शहर से अयोध्या धाम के लिए कोई रोडवेज सुविधा नहीं है। उन्होंने मांग की है कि क्षेत्र के राम भक्तों के लिए प्रतिदिन सुबह, दोपहर, शाम के समय तीन बसें चलाई जाए। 22 जनवरी को अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा, जिसमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से हजारों की संख्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए जाएंगे। जनसुविधा व श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से जल्द से जल्द बस सेवा चालू की जाए। ताकि रामभक्तों को रोडवेज का लाभ मिल सकें।*

# एलएचएस बॉक्स डालने से रेल यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

रेलवे की ओर से जयपुर मण्डल के रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा रेलखण्डों के मध्य अटेली यार्ड में चार जनवरी को समपार फाटक संख्या 30 पर एलएचएस बॉक्स डालने के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की अनेक रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा चार जनवरी को रद्द रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा जो चार जनवरी को फुलेरा से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा नारनौल तक संचालित होगी अर्थात यह रेलसेवा नारनौल-रेवाड़ी स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19618 रेवाड़ी-मदार रेलसेवा चार जनवरी को रेवाड़ी से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा रेवाड़ी के स्थान पर नारनौल स्टेशन से संचालित होगी अर्थात यह रेलसेवा रेवाड़ी-नारनौल स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा चार जनवरी को दिल्ली से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-बांदीकुई-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी।

### रेगुलेट रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 22950 दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा चार जनवरी को दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा खाटुवास स्टेशन पर एक घंटे पांच मिनट रेगुलेट रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा चार जनवरी को ढेहर का बालाजी से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा निजामपुर स्टेशन पर 45 मिनट रेगुलेट रहेगी।

## राशन डिपू होल्डरों ने जताया विरोध

**नारनौल।** मांगों को लेकर जिलेभर के राशन डिपू होल्डरों ने विरोध जताया है। नए साल के पहले दिन से हड़ताल शुरू कर दी है। राशन डिपू होल्डरों एसोसिएशन के जिला प्रधान महावीर प्रसाद ने बताया कि हमारी कुछ मांगें हैं, जिनको सरकार मान नहीं रही है। जिस कारण आज पहली जनवरी से हड़ताल शुरू की गई है। जिले में करीब 287 डिपो होल्डर हैं। उन्होंने बताया कि विरोधस्वरूप इस माह जो राशन मिलेगा, राशन डिपू होल्डर उस राशन को नहीं बांटेंगे। प्रधान ने बताया कि सरकार 60 वर्ष की आयु वाले डिपो होल्डरों को आउट कर रही है, जबकि हमारी मांग है कि या तो आउट नहीं किया जाए और यदि ऐसा किया जाता है तो मानदेय दिया जाए या फिर डिपो लाइसेंस रिन्यू किया जाए। डिपो होल्डरों को मिलने वाला कमीशन भी समय पर नहीं दिया जा रहा और जो कमीशन मिलता है, वह बहुत ही कम मिलता है। उन्होंने बताया कि 30 क्विंटल पर 600 रुपये दिया जाता है, जबकि राशन डिपो की दुकान का किराया, बिजली एवं हेल्पर ही यह सारा पैसा खर्च हो जाता है। इसलिए कमीशन भी बढ़ाया जाए।

# अटेली में आई.एम.टी. बनवाएंगे : अतरलाल

## हरियाणा की सरकार बनाएंगे और युवाओं को रोजगार देंगे



पिछले 2019 विधानसभा चुनाव में थोड़े से वोटों से दूसरे स्थान पर रहे प्रमुख समाजसेवी और लोकप्रिय नेता ठाकुर अतरलाल ने कहा है कि अटेली विधानसभा की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से विधायक बनकर हरियाणा की सरकार बनाएंगे और क्षेत्र में आई.एम.टी. की स्थापना करवाएंगे। जिससे यहाँ के हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और इलाके में आर्थिक प्रगति होगी। कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना से किसान भाइयों में खुशहाली आएगी और व्यापारी दुकानदारों को व्यापारिक उन्नति के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हलके के 104 गांवों में हजारों युवा बेरोजगार हैं और सरकार के युवा विरोधी रवैये से हताश हैं। अतरलाल ने कहा कि रोजगार के बिना किसी भी क्षेत्र की आर्थिक उन्नति नहीं हो सकती। इसलिए हमारा पक्का इरादा है कि विधायक बनने पर अटेली विधानसभा क्षेत्र में आई.एम.टी. बनवाएंगे और इलाके के युवाओं को रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के लोग मेहनती और ईमानदार हैं, परन्तु राज्य सरकार यहाँ के लोगों के हितों की अनदेखी कर रही है। यह लोकतंत्र में सही नहीं है तथा सरकार का सबका साथ-सबका विकास का नारा ढकोसला साबित हो रहा है।

### अटेली को उपमंडल और दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाएंगे

अतरलाल ने कहा कि सरकारों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि सभी क्षेत्रों का बराबरी से विकास करें। उन्होंने राज्य सरकार पर अटेली विधानसभा क्षेत्र की मांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने अटेली को उपमंडल, दौंगड़ा अहीर को उपतहसील, आई.एम.टी. स्थापित करने और लेबर आफिस बनाने का वादा किया था लेकिन पिछले 9 साल में एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। इससे जाहिर होता है कि राज्य सरकार अटेली क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि हम बारह सालों से अटेली को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अटेली को उपमंडल बनाना और दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाना जायज मांग है जो शीघ्र पूरी होनी चाहिए। जनता के आशीर्वाद से विधायक बनने पर इन कामों को पूरा करवाएंगे।

### सभी मिलकर अतरलाल को जिताएं

पिछले 20-25 सालों से अलग-अलग पार्टियों की सरकारें रहीं परन्तु अटेली कनीना क्षेत्र में कोई विशेष कार्य नहीं हुआ। आज भी कनीना अटेली के सरकारी कॉलेजों में प्राध्यापकों की कमी है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों व स्टॉफ के पद रिक्त हैं। जरूरी मशीनों व सुविधाओं का टोटा है। क्षेत्र में कोई बड़ी सरकारी परियोजना नहीं आई है। ऐसे में यह समय की मांग है कि इलाके का भला चाहने वाले सभी लोग इकट्ठा होकर अतरलाल को हरियाणा की विधानसभा में भेजें। अतरलाल ही इस क्षेत्र की आवाज को बुलंद कर सकते हैं और इलाके को हको हकूक दिलवा सकते हैं। उनके बारे में लोगों की राय है कि अटेली विधानसभा की समस्याओं व दुख तकलीफ को अतरलाल बखूबी समझते हैं, और निडरता के साथ जुल्म और अन्याय के खिलाफ साधारण लोगों की मदद करते हैं। अतरलाल अटेली की आवाज बन गए हैं। इसलिए जरूरी है कि सभी लोग मिलकर अतरलाल को जिताएं। अतरलाल की जीत इलाके की जीत होगी।

### नेशनल हाईवे 152 डी पर बाघोत सेहलंग के बीच कट बनाना जरूरी

अतरलाल ने कहा कि नेशनल हाईवे 152 डी पर गांव बाघोत और सेहलंग के बीच कट बनाना जरूरी है और विधायक बनने पर हर हालत में इसे बनवाएंगे। दर्जनों गांवों के लोग कड़ाके की ठंड में भी इस मांग को लेकर धरना देने को मजबूर हैं। परन्तु सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे 152 डी अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांवों से गुजर रहा है। हमारी केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से पुरजोर मांग है कि इस हाईवे पर गांव बाघोत और सेहलंग के बीच कट बनवाकर इलाके के लोगों के साथ न्याय करे। एक तरफ जहाँ सरकार स्टार्टअप तथा वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की बात करती है और दूसरी तरफ यहाँ पर कट बनवाने में देरी करके युवाओं के रोजगार को खत्म कर रही है। गांव बाघोत में ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध शिव मंदिर है जिसमें लाखों की संख्या में शिव भक्त आते हैं।

अतर लाल ने कहा कि इस कट के बनने से इलाके के सैंकडों गांवों के युवा छोटे बड़े उद्योग लगाकर देश के नवनिर्माण में अपना योगदान देंगे। इलाके के व्यापारी-दुकानदार भाईयों को तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। इसलिए केन्द्र व राज्य सरकार को तत्काल नेशनल हाईवे 152 डी पर बाघोत सेहलंग के बीच कट पर कार्य शुरू करना चाहिए।

फीचर इंपैक्ट

## डीएमसी वैशाली सिंह ने वार्ता कर सुलझाया मामला

# नप सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

बकाया एरियर दिलाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर पिछले पांच दिनों से चली आ रही नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल डीएमसी वैशाली सिंह के हस्तक्षेप के बाद मंगलवार को समाप्त हो गई। नगर परिषद परिसर में मंगलवार को दोपहर बाद हड़ताली कर्मचारियों के साथ डीएमसी वैशाली सिंह ने मीटिंग की और कर्मचारियों को दस दिन में समाधान करने का आश्वासन दिया। बता दें कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों का समान काम समान वेतन के तहत लाखों रुपये एरियर का बकाया चल रहा है। सरकार ने वर्ष 2017 में समान काम समान वेतन लागू किया था और जिन कर्मचारियों का 16,900 से कम वेतन था, उन्हें बकाया का भुगतान एरियर के रूप में किया जाना है। नगर परिषद के करीब 187 सफाई कर्मचारी एरियर न मिलने से प्रभावित हैं और कई बार धरना-प्रदर्शन एवं हड़ताल कर चुके हैं। अनेक बार ज्ञापन देने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हुई है और वह निरंतर एरियर के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं। अब पिछले पांच दिनों से वह रेगुलर हड़ताल पर हैं, जिस कारण शहर का सफाई कार्य ठप है और शहर कूड़ाघर में तब्दील होता नजर आने लगा है। इसी कारण मंगलवार को एडीसी-कम-डीएमसी वैशाली सिंह नगर परिषद पहुंची और हड़ताली कर्मचारियों के साथ अपने कार्यालय में मीटिंग की। मीटिंग में डीएमसी के साथ चेयरपर्सन कमलेश सैनी, सचिव अनिल कुमार, अकाउंट अफसर संजय शर्मा, कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र सरोहा एवं जेई प्रवीण भी मौजूद थे।



नारनौल। हड़ताली कर्मचारियों के साथ वार्ता करती डीएमसी वैशाली सिंह।

### ऐसे बनी सहमति

कर्मचारियों की मांगों को सुनने उपरांत डीएमसी वैशाली सिंह ने कहा कि उन्हें बकाया एरियर दस दिन में दिला दिया जाएगा। अन्य मांगों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस पर हड़ताली कर्मचारियों एवं नगर परिषद प्रशासन के बीच सहमति बन गई तथा हड़ताल समाप्त कर दी गई।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में भगवा यात्रा में उत्पात की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली में नव वर्ष व अयोध्या स्थापना के उपलक्ष में भगवा यात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र के एक समुदाय विशेष का धार्मिक स्थल भी आया। जहां युवकों ने डीजे, टैक्टरों के स्पीकरों पर ऊंची आवाज में धार्मिक गाने बजाए। इतना ही नहीं यहां भगवे रंग के धार्मिक झंडे को भी लगातार फहराया गया। जिसकी स्थानीय लोगों ने वीडियो भी बना ली।

### पांच को वीआईपी नम्बरों की होगी खुली बोली

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल अथॉरिटी में बी.के. सीरीज समाप्त हो चुकी है। आगामी 5 जनवरी 2024 को बीएल की सीरीज प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीआईपी नम्बरों की खुली बोली 5 जनवरी को की जाएगी। जो भी व्यक्ति वीआईपी या अन्य नंबरों की बोली देना चाहता है वह उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे एसडीएम करनाल कार्यालय में उपस्थित होकर बोली दे सकते है।

### मकान के ताले तोड़कर जेवरात व रुपये उड़ाए

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा खालसा में एक़ मकान के ताले तोड़कर सोने के जेवरात व लगभग 22 हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है । मकान मालिक शेखपुरा खालसा निवासी रामनिवास ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### किशोरी से दुराचार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में किशोरी से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2023 को आरोपी दलीप ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री से दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

पिछले कई दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ने व आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने का प्रकोप नव वर्ष के दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी जिले में दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग व लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। वहीं, जिले के तापमान में भी दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी अगले एक सप्ताह तक मौसम में और ज्यादा ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

■ आसमान में दिन भर छाए रहे धुंध के बादल और चलती रही शीतलहर




**यमुनानगर।** मंगलवार को मौसम में ठंडक बढ़ने से अलाव जलाकर सेंकते हुए लोग व आसमान में छाए हुए धुंध के बादल।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गुप्ता ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें हीट देकर किसी तरह ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले मंगलवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरन जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### अलाव पर सेंककर निपटा रहे काम धंधे

मंगलवार को भी सुबह के वक्त जिले में घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अधिकांश लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो गए। इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि दोपहर तक कोहरा छंट जाएगा और सूर्य देव के दर्शन होंगे। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दोपहर तक कोहरा तो कुछ कम हुआ । मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। लोगों ने किसी तरह अलाव जलाकर अपने कामधंधे निपटाए। मजदूरों का तो कड़ाके की ठंड में और भी बूरा हाल हो रहा है। मंगलवार को अलाव पर सेंक रहे मजदूर सूरता राम व गोपाल का कहना था कि वह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। यदि मजदूरी नहीं करेंगे तो उनके यहां भोजन के लाले पड़ जाएंगे। मजबूरी है उन्हें हाड़ गलाने वाली ठंड में भी मजदूरी करनी ही पड़ती है। ठंड से राहत पाने के लिए वह कुछ देर अलाव जलाकर हाथ सेंक लेते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं। वहीं, दुकानदार भी हीटर पर सेंककर ग्राहकों की दिन भर दुकानों पर बैठकर बाट जोहने को मजबूर हैं। पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की आवक भी कम दिखाई दे रही है।

# पानीपत के गांव नारा में ग्रामीण की हत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

पानीपत के गांव नारा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में शमशेर निवासी गांव जोशी जिला पानीपत ने बताया कि एक जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उसके चाचा राजीव उर्फ खुशीराम गांव में स्थित अपनी किरयाना की दुकान में बैठा हुआ था। हालांकि दुकान उसने किसी को किराए पर दी हुई है। इसी दौरान दुकान पर काला और धर्मा निवासी गांव नारा अपनी बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने राजीव को अपनी बाइक पर बैठाया व वहां से गांव नारा की ओर शराब ठेका पर ले गए। जहां से उन्होंने शराब ली। इसके बाद बाइक को काला चला रहा था। बीच में राजीव को बैठाया व पीछे धर्मा पीछे सवार हो गया। तीनों वहां से गांव नारा स्थित सुरजीत के खेत में बने कोठा ट्यूबवेल पर चले गए। जिसे राम मेहर ने ठेके पर लिया हुआ है। जहां राजीव को राम मेहर, धर्मा व काला ने मिलकर शराब पिलाई। इसके बाद तीनों की आपस में कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर राजीव की हत्या कर ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए। शाम करीब साढे छह बजे परिजनों को शव पड़ा होने के बारे में पता लगा। परिजनों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच की। पुलिस ने एफ एस एल की टीम से भी घटना स्थल शव की जांच कराई।

■ आरोपी हत्या कर शव को ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए

वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजीव का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने राजीव की हत्या के आरोप में राम मेहरए धर्माए और काला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जलधारा तपस्या के समापन पर भंड़ारे का आयोजन

**समालखा।** कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटकों की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरू रामनाथ व नफे सिंह रामनाथ के मार्गदर्शन में उनकी तपस्या पूर्ण हुई हैं। हवन.यज्ञ के उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया तथा मंदिर की ओर से 216 महिलाओं व 50 पुरूषों गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर संजय सैनी, आनन्द, ओमप्रकाश, रणधीर पावटी, रमेश डिकाडला, संदीप, कप्तान कैथल आदि थे।

■ सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया

# जनहित तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : ढांडा

## राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया यमुनानगर शहर का औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। कई स्थानों पर बारीकी से जांच की। जांच में सब कुछ ठीक पाया। उन्होंने शहर की उचित सफाई व्यवस्था मिलने पर मेयर मदन चौहान व निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के कार्य की सराहना की। साथ ही निगम अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

मंगलवार को हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम यमुनानगर के क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं जांची। इसके बाद राज्यमंत्री काफिले के साथ अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंची। मंत्री को देखकर अधिकारी व कर्मचारी हैरान रह गए। सबसे पहले मंत्री नगर निगम के परिवार पहचान पत्र डेस्क पर गई। यहां तैनात कर्मचारी सिद्धार्थ, अंकिता व अन्य से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि परिवार पहचान पत्र में किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। कर्मचारियों ने उन्हें परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्यप्रणाली व वर्क रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया।

मौके पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अपने कार्य के लिए आए लोगों से भी बातचीत की। आजाद नगर के मुकेश कुमार, ग्रीन पार्क के बलदेव कुमार, महिला नीलम से बातचीत की। इस दौरान मेयर मदन चौहान ने मंत्री को बताया कि नगर निगम यमुनानगर में शहरवासियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क शुरू कराया गया है। एक ही छत के नीचे शहरवासियों को परिवार पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र में आय, जाति,नाम, मोबाइल नंबर आदि तस्दीक एक ही डेस्क पर हो रही है। यह डेस्क प्रदेश के नगर निगमों की पहला डेस्क है। इससे पहले शहरवासियों को इस संबंध में अलग अलग विंग में जाना पड़ता था। इस बारे में वे मुख्यमंत्री से बात करेंगी ताकि प्रदेश के अन्य नगर निगम कार्यालयों में भी इस तरह की सुविधा की जाए। यहां से मंत्री ढांडा नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंची।



यमुनानगर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करती हुई राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिलना चाहिए। मौके पर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, महामंत्री कृष्ण सिंगला, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा, उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव, अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार, एक्सईएन विकास धीमान व अन्य मौजूद रहें।

# जीजा ने किया नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म

## गर्भवती होने पर हुआ मामले का खुलासा

**हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर**

जगाधरी की एक कॉलोनी में जीजा ने अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की पांच माह की गर्भवती हुई तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदातल में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की के मामा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी की एक कॉलोनी में रहता है। उनके पास ही उसकी बहन अपने बच्चों के साथ रहती है। उसने अपनी बड़ी भांजी की शादी गगन के साथ की थी।

कुछ दिन पहले उसकी छोटी 17 वर्षीय भांजी के पेट में दर्द हुआ। जब वह उसे डॉक्टर के पास लेकर गए तो पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। जब उन्होंने अपनी भांजी से पूछा तो उसने बताया कि उसके जीजा गगन ने पांच माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था।

उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गगन के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुवि में स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कश्मीर हो या हरियाणा हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम द्वारा पूरे विश्व को एक परिवार माना गया। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह व कुंटिया प्रधान रजवंत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष की भावना है कि हम सभी एक हैं उसी एकता में ही विविधता है और यही हमारी संस्कृति की विशेषता विश्व में हमें विशेष स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य नारी को सम्मान यह हमारी संस्कृति में निहित है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि इस तरह सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है।

■ सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है



कुरुक्षेत्र। यात्रा में शामिल सदस्यों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### 100 विद्यार्थियों का दल विश्वविद्यालय में पहुंचा

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय एकता मिशन को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी जाने वाला लगभग 100 विद्यार्थियों का यह दल आज विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डॉ. गुरचरण सिंह, विकास बतान, डॉ. सुशील टाया, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, डॉ. हरविन्द्र राणा, रविन्द्र तोमर सहित एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

# चेयरमैनी दिलवाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी मामले का आरोपी काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

जिला पुलिस ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में चैन सिंह गौतम पुत्र मंगत राम वासी रतपुरा कॉलोनी पिंजोर जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया है। शिकायत में हरबीर सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी रतनगढ़ थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका करनाल वासी रोशन शर्मा के घर आना-जाना था। जिसने उसे कहा कि हम आपको हम हरियाणा सरकार में खादी ग्राम आयोग की चैयरमैनशीप वा हरियाणा सरकार में आरो वॉटर सिस्टम का टेंडर दिलवा देगे तथा हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों से आपकी मुलाकात भी करवा देंगे। जिसपर रोशन शर्मा ने शाहाबाद के अमन हॉटल में उसकी मुलाकात व बारु राम, चैन सिंह गोतम, मीना देवी व उमेश कुमार से करवाई।

■ खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर की धोखाधड़ी

### अलग-अलग तारीखों में रुपये आरोपियों को दिए

गोतम ने अपने आप को चीफ अंडर सैक्रेट्री हरियाणा सरकार बताया। जिन्होंने खादी ग्रामीण आयोग की चैयरमेनी के लिए दो करोड़ रुपये तथा हरियाणा आरों वॉटर सिस्टम टेंडर दिलवाने के लिए 75 लाख रुपये टोकन मनी के रूप में एडवास देने की मांग की। उसने उनपर विश्वास करके चेयरमैनी, टेंडर दिलवाने तथा रिश्तेदारों को नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तारीखों 1 करोड़ 51 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।



**अंबाला।** गन्ने की होली जलाते धरनारत किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जताया विरोध

**नारायणगढ़।** गन्ना मिल की कुर्की व किसानों के बकाया के मुद्दे पर किसानों का धरना निरंतर चल रहा है। एसडीएम ऑफिस पर कड़ाके की ठंड के बावजूद मंगलवार को भी भारी संख्या में किसान धरने पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रही। अगर मिल नीलाम होता है तो गन्ना किसानों के बकाया और जो गन्ना उन्होंने मिल को दिया उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। सरकार और प्रशासन के रवैया से नाराज किसानों ने मंगलवार को गन्ने की होली जलाने का निर्णय लिया। सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए किसानों ने एसडीएम दफ्तर के सामने गन्ने की होली जलाई। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की सरकार और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी से भाग रहे हैं। अगर किसानों का पैसा दिलवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं है तो फिर सरकार और प्रशासन की जरूरत क्या है? मजबूरी में किसान अपनी फसल की होली जला रहे हैं। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की यह मजबूरी किसानों की है कि एक साल तक जिस फसल को वह अपने बच्चों की तरह पालता है उसकी वह होली जला रहा है। किसानों ने मजबूरी में अपनी फसल की होली जलाई क्योंकि सरकार और प्रशासन के रवैया से ऐसे हालात पैदा हो गए । अगर किसान अपनी फसल को मिल में लेकर जाता है और उसको पैसा नहीं मिलता तो छुलाई और मिल तक पहुंचाने का खर्च भी उसको घर से करना पड़ता है। ऐसे में बेहतर है कि किसान अपने बच्चों की तरह पाली हुई फसल को आग ही लगा दें। मिल अगर नीलाम होती है तो किसानों के पैसे की जिम्मेदारी जो कानूनन प्रशासन और सरकार की है। उस जिम्मेवारी को भी लेने से सरकार और प्रशासन पल्ला झाड़ रहे हैं।

## प्रदेश सरकार ने जनवरी 2024 से वृद्धा सम्मान भत्ता में की बढ़ोतरी : विस अध्यक्ष

# अब लाभार्थियों को पेंशन के रूप में प्रति माह मिलेंगे 3 हजार रुपये

■ गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला**

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्वा सम्मान भत्ता योजना को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे कार्यालय में जाने की आवश्यकता नही पड़ती। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा वृद्वा सम्मान भत्ता योजना के तहत मिलने वाली राशि को जनवरी 2024 से 2750 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है।

गुप्ता आज गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे।

गुप्ता ने कहा कि वृद्वा सम्मान भत्ता योजना के साथ साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को भी बढाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने वृद्वा सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों दिलीप सिंह, ईश्वर चंद और रानी देवी, लाडली पैंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या और विधवा पैंशन योजना की लाभार्थी लीलावती को पैंशन सर्टिफिकेट वितरित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की गई है। गरीब माताओं, बहनों को चुल्हें पर भोजन पकाते समय निकलने वाले धुएं से परेशानी का सामना न करना पडे इसके लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत देश में 13 करोड लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर और चूल्हे की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर गुप्ता ने योजना की 2 लाभार्थी रूबी और गीता को सिलेंडर और चूल्हा भेंट किया। उन्होने लोगों से आहवाहन किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी विकसित भारत योजना के तहत संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर जाकर अपना पंजीकरण करवाकर सुंविधा का लाभ ले सकता है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और यह तभी पूरा हो सकता है जब पंक्ति में खडे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी उदेश्य की पूर्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाडी प्रत्येक गांव और वार्ड में जाकर लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है।

इसके अलावा सरकार आपके द्वार अवधारणा के तहत विभिन्न विभागों द्वारा स्टालस लगाकर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने में आ रही समस्याओं के समाधान करने के साथ साथ उन्हें मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा रहा है ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

### सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा योजनाओं का लाभ

गुप्ता ने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में ईलाज से वंचित न रहे, इसके लिए आयुष्मान योजना लागू की गई। इस योजना के तहत गरीब और बीपीएल परिवार के लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सालाना 5 लाख रूप्ये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस योजना के तहत देश में 40 करोड लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होने कहा कि जन- धन योजना के तहत देश में करोडो लोगों के बैंक अकाउंट खोले गए। विपक्ष द्वारा कहा गया था कि अकाउंट तो खोल दिए गए पर पैसा कंहा से आएगा। गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाओं के तहत पूरी राशि लाभार्थियों तक नही पहुंच पाती थी, परंतु आज सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है,

### विकसित भारत की शपथ दिलवाई

इस मौके पर गुप्ता ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृठ प्रर्दशन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होने आयुष्मान योजना के तहत 2 लाभार्थियों सुमन और प्रोमिला को योजना के सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त रिचा राठी, जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता, पार्षद हरेंद्र मलिक, जय कौशिक, सुनित सिंगला, सुशील गर्ग, यात्रा के जिला सयोजक राजेंद्र नौनीवाल और एसपी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कुलदीप तिवाणा, युवराज कौशिक के अलावा गौतम प्रसाद, अशोक वालिया, शंभुनाथ, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



कनीना। शिविर के शुभारंभ पर स्वच्छता का संदेश देते एनएसएस के वांलटियर। फोटो : हरिभूमि

### एसडी स्कूल ककराला में एनएसएस शिविर आरंभ

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका सुभारंभ प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अधिकारी संदीप कुमार व स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रागंण की सफाई, पेड़-पौधों की कैटिंग कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।

### श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु आमंत्रण

**मंडी अटेली।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु आमंत्रण देने के लिए अटेली प्रखंड में शुभारंभ राधा-कृष्ण मंदिर से किया गया। अटेली नगर में 8 टोली बनाई गई, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साह से सहयोग दिया और घर-घर जाकर आमंत्रण के अक्षत, पत्रक, चित्र देकर 22 जनवरी को दीपावली मनाने का निवेदन किया गया।

### जन्मदिन पर लगाई गो माता की सवामणी

**नारनौल।** शहर के नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास स्थित उपचार गोशाला में मंगलवार को गांव नांगतिहाड़ी निवासी मातादीन फौजी ने गो माता की सवामणी का आयोजन किया। इस अवसर पर मातादीन फौजी ने सर्वप्रथम गोमाता का परिवार सहित पूजन किया। मातादीन फौजी ने बताया कि उन्होंने 81 किलो गुड़ की सवामणी गोशाला में लगाई।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**सतनाली मंडी।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की समाज एवं राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में विशेष भूमिका है। एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र से जोड़ना है। निकटवर्ती गांव कादमा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य दलबीर सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही।

### नौकर ने दुकान से बेची टाइल की 70 पेटी

**महेंद्रगढ़।** भूपेंद्र बिल्डिंग मैटेरियल के दुकान मालिक ने अपने नौकर पर दुकान की टाइल बेचने का आरोप लगाया है। गांव खेडकी निवासी देवेंद्र कुमार ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव ककराला निवासी नौकर देवेंद्र उर्फ देवा दुकान पर काफी दिनों से कार्य करता है। उसने टाइल की 70 पेटी टाइल चोरी से बेच दी।

### थाना प्रभारी ने दी ट्रैफिक नियम की जानकारी

**सतनाली मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुरेहती पिलानिया में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि सतनाली थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियम एवं साइबर सिक्योरिटी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हैलमेट का प्रयोग करना चाहिए।

# चालकों की हड़ताल से पंपों की तेल बिक्री में आ रही गिरावट, हिट एंड रन कानून का हो रहा विरोध तो व्यापार व आम लोगों पर भी पड़ने लगा असर

## दी डिस्ट्रीक्ट महेंद्रगढ़ पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान ने कहा कि वाहन चालकों में भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हिट एंड रन कानून का तेल विक्रेता पंपों पर साफ दिखाई दे रहा है। इस कानून के विरोध में भारी वाहन खासकर ट्रक एवं डंपर उतनी संख्या में नहीं चल रहे, जितने पहले दिखाई देते थे। इस कारण मुख्य मार्गों पर बने तेल पंपों की बिक्री में कमी आई है और तेल व्यवसाय चौपट हो रहा है। तेल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। पहले दिन यानि एक जनवरी को भी बसों एवं ट्रकों का चलना इस कानून के विरोध में प्रभावित रहा था। दी डिस्ट्रीक्ट महेंद्रगढ़ पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट राजकुमार यादव ने बताया कि हिट एंड रन कानून को लेकर वाहन चालकों में भारी रोष बना हुआ है। वाहन, खासकर ट्रक चालक हड़ताल पर चल रहे हैं। इससे पंपों पर तेल की आपूर्ति करना भी दुष्कर हो रहा है तथा पंपों की तेल बिक्री में भी गिरावट आई है।

### तेल आपूर्ति और बिक्री दोनों प्रभावित

उन्होंने बताया कि जो तेल टैंकर ट्रांसपोर्टरों या किराये हैं, उनके चालक तेल टैंकरों को नहीं चला रहे हैं। इस कारण वही तेल टैंकर सप्लाई कर रहे हैं, जो डीलरों के हैं। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों के विरोध के चलते तेल आपूर्ति एवं बिक्री दोनों प्रभावित हैं। जिन पंपों से भारी वाहन खासकर ट्रक एवं डंपर वगैरा तेल डलवाते थे, वहां 50 से 60 फीसदी तक बिक्री प्रभावित हुई है, जबकि ऑफ रूटों यानि शहर में बने पंपों पर भी बिक्री 25-30 फीसदी कम हो रही है। शहरी पंपों पर दुपहिया एवं छोटे वाहन तो तेल लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन बड़े वाहन नहीं आ रहे, जिस कारण पंपों पर बिक्री कम हो गई है। नारनौल आईटीआई के सामने बने अग्रवाल पंप के मालिक नवीन अग्रवाल ने बताया कि शहर में बाईपास बना देने से भारी वाहन अंदर आने बंद हो गए हैं। इस कारण यहां की बिक्री पर असर दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन शहर से बाहर जो पंप बने हैं, उनको भारी नुकसान हो रहा है। आने वाले दिनों में तेल आपूर्ति की भी समस्या खड़ी हो सकती है, क्योंकि डिपो के चालक हड़ताल पर चले गए हैं। नांगल कालिया स्थित सैनिक पेट्रोल पंप के मैनेजर सचिन गजराज ने बताया कि इस कानून के बनने से चालक वर्ग नाराज है। चालकों को डर है कि कहीं कोई हादसो उनके गले न आ पड़े और बिना किसी बात के उनका जीवन ही खतरे में न पड़ जाए। उन्होंने बताया कि चालकों की हड़ताल से भारी वाहन खासकर ट्रक एवं डंपर आउटसाइड में बनने पंपों पर भी कम आ रहे हैं। पहले दिन मात्र 18 हजार रुपये का तेल बिका, जबकि पहले ज्यादा बिकता था। आज दूसरे दिन भी यही हाल है।



नारनौल। आईटीआई के सामने स्थित पंप से तेल खरीदते दुपहिया वाहन। फोटो : हरिभूमि

### आज स्टेयरिंग छोड़ तीन घंटे की सांकेतिक हड़ताल करेंगे रोडवेज चालक

केंद्र सरकार द्वारा चालकों के खिलाफ हिट एंड रन नामक जो कानून लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया गया है, उसके खिलाफ तीन जनवरी को चालक संघ एवं सांझा मोर्चा के आह्वान पर सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक स्टेयरिंग छोड़कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। हरियाणा रोडवेज के डिपो स्तर पर यह प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा तथा सुबह नारनौल बस डिपो के चालक भी धरना-प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र बिट्टू ने देते हुए बताया कि नारनौल डिपो के सभी चालक 11 से दो बजे तक स्टेयरिंग छोड़ हड़ताल करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि सरकार फिर भी इस काले कानून को वापस नहीं लेती तो सांझा मोर्चा लगातार केंद्र ट्रांसपोर्ट फैडरेशन से बातचीत कर रहा है और किसी भी समय एक बड़े आंदोलन की घोषणा करेगा और हड़ताल भी हो सकती है। उन्होंने इस हड़ताल में आमजन यानि चालकों चाहे स्कूटी, बाइक, कार, बस व ट्रक आदि का ड्राईवर हो, सभी से समर्थन मांगा है तथा हड़ताल में भाग लेने की अपील की है।

## नगर पालिका प्रशासक एसडीएम से लोगों ने की मांग

# श्मशान घाट स्थानांतरित नहीं करने की मांग, शहरवासियों ने सौंपा ज्ञापन

- फुटबॉल ग्राउंड वाले जगह पर सुजान सिंह पार्क बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

शहरवासियों ने मंगलवार को नगर पालिका प्रशासक एसडीएम सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन देखकर श्मशान घाट स्थानांतरित नहीं किए जाने की मांग की। इस बारे में शहरवासी विजय सिंह, कंवर सिंह, नरेंद्र कुमार, सज्जन सिंह, वीरेंद्र सिंह, लालसिंह, सतीश कुमार, कबुल सिंह आदि ने कहा कि जब से कनीना कस्बा स्थापित हुआ है, कनीना के शहीद सुजान सिंह पार्क में तीन श्मशान घाट धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार बने हुए है। अब शहीद सुजान सिंह पार्क बनाया जाना है, जो फुटबॉल ग्राउंड वाले जगह पर बना दिया जाए। जिससे सभी सहमत है। इससे किसी को कोई सामाजिक पुरानी परंपरा को ठेस नहीं पहुंचेगी।



कनीना। एसडीएम सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन देते विजय सिंह यादव व अन्य शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

### पुरानी परंपरा को पहुंचेगा आघात

उन्होंने कहा कि पार्क के अंदर तीन श्मशान घाट मोहल्ला बोहलका, मोहल्ला स्वामी वाड़ा, मोहल्ला चौधरी ठाकरान के श्मशान घाट है। इनको इसी जगह पर रहने दिया जाए। किसी भी अन्य जगहों पर स्थानांतरित न किया जाए, बल्कि सुजान सिंह नाम से फुटबॉल ग्राउंड में पार्क बना दिया जाए। यहां पर पार्क के लिए पर्याप्त स्थान है। इसके लिए सभी ग्रामवासी सहमत है, किसी को कोई एतराज नहीं है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि मोहल्ला बुहालखा, मोहल्ला स्वामी वाड़ा के श्मशान घाट के स्थान को मोहल्ला चौधरी ठाकरान के श्मशान घाट के अंदर मर्ज किए जाने की योजना है। इस कार्य से लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी और पुरानी परंपराओं को आघात पहुंचेगा, इसलिए श्मशान घाट जहां पर है उसे उसी स्थान पर रहने दिया जाए। इसके अंदर किसी प्रकार की कोई दखलंदाजी नहीं की जाए। जिस पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने लोगों की मांग को गौरपूर्वक सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद स्कूल स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

# एचपीएस स्कूल में नववर्ष पर मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में नववर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नव वर्ष के उपलक्ष में विद्यालय में एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अध्यापक, संस्था अध्यक्ष, प्राचार्य, निर्देशक व प्रबंधन कमेटी से निधि वर्मा शामिल हुई। इस अवसर पर जलपान का भी आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने सभी अध्यापकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा व खेल के साथ ही अन्य गतिविधियों में भी छात्र-छात्राओं की भागीदारी निश्चित करें। प्राचार्य सुनील यादव ने सभी छात्रों व अध्यापकों के मंगलमय भविष्य की कामना की व बताया कि हमें आने वाले समय की चुनौतियों के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। संस्था संस्थापक सुभाष चंद्र वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा, प्रबंधन कमेटी से निधि वर्मा ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को नववर्ष की बधाई दी व उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

# आकाश एकेडमी में मनाया नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आकाश एकेडमी में विद्यार्थियों व स्टाफ की ओर से नया साल मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि बालमुकुंद गुप्ता रहे। इस दौरान छोटे बच्चों ने डांस, गीत आदि पेश किए। इसके अलावा बच्चों ने कविताएं भी प्रस्तुत की। इस दौरान बच्चे विभिन्न प्रकार की ड्रेस पहनकर एकेडमी पहुंचे। बालमुकुंद गुप्ता ने कहा कि नए साल का पहला दिन हर किसी के लिए खास होता है। नए साल के शुरू होते ही लोग एक दूसरे को उपहार देते हैं और खुबसूरत संदेश भेजकर शुभकामनाएं भी देते हैं। कुछ साल पहले लोग एक-दूसरे के पास कार्ड भेजते थे। हालांकि अब डिजिटल जमाने में लोग फेसबुक और व्हाट्सएप पर अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को वालपेपर के जरिए शुभकामनाएं भेजते हैं। देवेंद्र बैरावास ने कहा कि जिस तरह सूर्य प्रकाश देता है। उन्होंने संकल्प लिया कि हम मानव जाति अच्छे कार्यों की ओर अग्रसर होकर के अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। मौके पर विकास रामलवास, लीलाराम, विमलेश कंवर, देवेंद्र बैरावास, बबीता यादव, खुशविंद्र, बजरंग रोहिल्ला, जगदेव झुंझुनू, कंचन यादव, ज्योति सैनी, सचिन, मनोज आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। नव वर्ष मनाते एकेडमी के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अद्भुत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 500 वर्ष की यात्रा और हजारों रामभक्तों के बलिदान के बाद हो रही है। यह संघर्ष सामान्य संघर्ष नहीं था, इसके लिए कई बार सरयू का जल लाल हुआ और फिर यह राम मंदिर बनाने का संकल्प पूरा हुआ। उपरोक्त विचार नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष और कार्यक्रम संचालन समिति की सदस्य रीना बंटी ने कही। मंगलवार को शकर कुई के हनुमान मंदिर में लाली देवी, शकुंतला, लक्ष्मी, चंद्रकला, रामरति यादव, रामरति शर्मा, सुमन, सरोज सैनी, मोती, सुरेश मीणा, कृष्ण, भंवर सिंह व राजवीर की उपस्थिति में 22 जनवरी को हुडा पार्क में मातृशक्ति द्वारा राम ज्योति दीपोत्सव सहयोग के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। रीना बंटी ने कहा कि पूरे शहर में मातृशक्ति ने एक अंगड़ाई ली है और यह कार्यक्रम एक अदित्य और अद्भुत कार्यक्रम होने जा रहा है। इस शुभ अवसर पर हम सबको संगठीत होकर के जिस प्रकार साधु संतों और हिंदू समाज ने संकल्प लेकर मंदिर का निर्माण किया। इसी प्रकार इस दीपोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाना है। कार्यक्रम संयोजक रामजीवन ने कहा कि उनका प्रयास है कि नगर के सभी घर, गली व मोहल्लों इस कार्यक्रम में सहयोग कर रहे है। यह कार्यक्रम सामान्य जन का कार्यक्रम है, जिसकी अगवाई मातृशक्ति कर रही है और मातृशक्ति के लिए भी यह पहला अवसर है, जब वह इतना बड़ा कार्यक्रम अपने दम पर करा रही हैं। महेंद्रगढ नगर में पहले इतना बड़ा कार्यक्रम नहीं हुआ है। यह पहला कार्यक्रम होगा जिसमें इतनी संख्या में मातृशक्ति भगवान राम के चरणों में दीप जलाएंगी।



महेंद्रगढ़। बैठक करने के बाद उपस्थित महिला। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज चालक देश के गृहमंत्री के नाम सौपेंगे ज्ञापन

**नारनौल।** रोडवेज डिपो प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने बताया कि राज्य सांझा मोर्चा के आह्वान पर सांझा मोर्चा तीन जनवरी को महाप्रबंधक के माध्यम से देश के गृहमंत्री के नाम ज्ञापन देगा। प्रधान ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय संहिता बिल पारित किया गया है। इस बिल का यूनियन चालक हित मे विरोध करती है, क्योंकि इस बिल के लागू होने से देशभर का चालक बर्बाद हो जाएगा। क्योंकि इस बिल में यह प्रावधान किया है कि वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्तपाल तक ईलाज के लिए पहुंचाना होगा। अगर वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक नहीं पहुंचाया गया तो वाहन चालक को 10 साल की सजा व दस लाख रुपये जुर्माना होगा। देशभर के चालक इस बिल का विरोध कर रहे हैं। इस बिल के लागू होने से चालकों पर दोहरी मार पड़ेगी। अगर चालक घायल व्यक्ति को मानवता के तौर पर अस्तपाल में ले जाने की हिम्मत भी करता है तो उसको डर रहेगा कि वहां मौजूद आक्रोशित जनता उसे जान न मार दे। अगर वाहन चालक मौके से भाग कर किसी प्रकार से अपनी जान बचाता है तो उसे अब नए कानून के तहत 10 साल की सजा व 10 लाख जुर्माना जिंदे जी मार देगा। इस बिल में सजा व जुर्माना के डर से चालक मजबूरी में चालक की नौकरी छोड़ने पर मजबूर होंगे। वाहन संचालकों को भी बहुत नुकसान होगा।

## हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित से हथियार बरामद

- न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

**सतनाली।** गांव नावा से गोपालवास रोड पर पिछले सप्ताह सोमवार को कार सवार एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी थी, मामले में कार्रवाई करते हुए सतनाली थाना की पुलिस टीम ने एक आरोपित ढिल्लू उर्फ नरेंद्र वासी बारडा सतनाली को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस ने आरोपित को शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी, एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपित से पूछताछ कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव कादमा निवासी चंद्र सिंह ने सतनाली थाना पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि सोमवार शाम को वह और उसका छोटा बेटा बिजेंद्र अपनी कार में सवार होकर गांव डिगरोता में अपनी बेटी के घर खाद के बैग देकर वहां से वापिस गांव कादमा के लिए आ रहे थे। रास्ते में गांव नावां से गोपालवास की तरफ जाते समय गाड़ी रोककर वह गाड़ी से नीचे उतर गया। तभी वहां एक गाड़ी उनकी गाड़ी के पीछे आकर रूकी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने देखा कि उस गाड़ी में से युवक उतरे, जिनमें से एक युवक के हाथ में पिस्तौल थी। जिन्होंने गाड़ी में घुसकर उसके बेटे बिजेंद्र को पकड़ लिया और उसके बेटे पर दो गोलियां चला दी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा छाजियावास पहुंची



महेंद्रगढ़। विभागीय स्कीम के बारे में जानकारी लेते आमजन।

**विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों को विभागीय स्कीमों की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आगामी 26 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव छाजियावास व जाटवास पहुंची। इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों की पेंशन, परिवार पहचान पत्र में त्रुटि, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, हैल्थ चेकअप आदि की सेवा दी। कृषि विभाग की ओर से किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण करके दिखाया गया। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया का छिड़काव करना न केवल आसान है बल्कि यह किसानों के लिए आर्थिक तौर पर भी फायदेमंद है। ड्रोन के जरिए केवल सात मिनट में एक एकड़ में छिड़काव किया जा सकता है। छाजियावास व जाटवास में किसानों को सरसों के खेतों में छिड़काव करके दिखाया। इस मौके पर किसानों ने उत्सुकता से इस ड्रोन के बारे में जानकारी प्राप्त की। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने गांव में हर घर जल पहुंचाने पर गांव छाजियावास के सरपंच किरपा बाई व जाटवास के सरपंच राजकुमार को अभिनंदन पत्र दिया। स्वास्थ्य विभाग ने 177 नागरीकों की जांच व 28 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए। आयुष विभाग ने 118 नागरिकों की ओपीडी की। उज्ज्वला योजना के तहत दो नागरिकों ने गैस कनेक्शन के लिए अप्लाई किया। इस कार्यक्रम में जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार, नागरिक संसाधन सूचना विभाग से मैनेजर रवि तंवर, खाद एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीन यादव, डीईओ नितिन कुमार, ग्राम सचिव विकास कुमार, संजय कुमार, एचपीसीएल से जितेंद्र के अलावा अन्य अधिकारी एवं गांव के नागरिक मौजूद थे।

## शहीद रविपाल के 18वें शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# पाथेड़ा में शहीद रविपाल सिंह को लोगों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गांव पाथेड़ा में शहीद रविपाल सिंह के 18वें शहीदी दिवस पर शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों व आसपास के गांवों के लोगों ने पहुंचकर शहीद को नमन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर प्रवीण यादव ने शहीद की वीरांगना कुमकुम तथा माता ओमवती देवी को शॉल ओढ़ा कर व शहीद के भाई अभिषेक को साफा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अतरलाल एडवोकेट ने गणमान्य लोगों के साथ ध्वजारोहण करके की। इस अवसर पर उन्होंने शहीद रविपाल सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद को नमन किया। उन्होंने जाबांज शहीद रविपाल की शहादत को याद करते हुए कहा कि 2005-06 में उनकी 26 राजपूत प्लाटून ने मणिपुर में आतंकवादियों के सफाये के लिए ऑपरेशन हिफाजत चलाया हुआ था। जिसमें आतंकवादियों से लोहा लेते हुए जांबाज वीर सैनिक रविपाल सिंह दो जनवरी 2006 को शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि शहीद राष्ट्र का गौरव होते हैं। शहीदों और सैनिकों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने राज्य सरकार से पाथेड़ा गांव में शहीद के नाम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम बनाने व शहीद स्मारकों के रख-रखाव के लिए शहीदों के परिजनों को दो लाख रुपये की ग्रांट देने की मांग की। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर प्रवीण यादव ने शहीदों की कुर्बानी से सबक लेकर सभी से देश की एकता और अखंडता के लिए काम करने की अपील की। समारोह में अनेक वषार्ं तक सेना में रहकर देश सेवा करने वाले गांवों के भूतपूर्व सैनिकों को भी साफा पहनाकर सम्मानित किया।



नारनौल। शहीद रविपाल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते ठाकुर अतरलाल एडवोकेट व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये थे मौजूद

इस मौके पर सरपंच जर्मन सिंह तंवर, पूर्व जिला पार्षद सतपाल सिंह, मंहत बिरेन्द्रानंद महाराज, मामनसिंह साहब, पवन तंवर, कप्तान प्रताप सिंह, कप्तान हरद्वारीलाल, सूबेदार सुखदेव सिंह, रामसिंह, इंद्रजीत, बहादुर सिंह, बाबूलाल, अतर सिंह कैमला, किशनपाल सिंह, कैलाश सेठ आदि मौजूद थे।

### क्षेत्र में लगातार पड़ रही हाड़कंपा देने वाली सर्दी

**कनीना।** क्षेत्र में पिछले सप्ताहभर से हाड़कंपा देने वाली सर्दी सता रही है। शुरूआती दौर में जहां सघन धुंध व कोहरा छाया रहा। वहीं अब शीत लहर के साथ ठिठुरन बढ़ रही है। पिछले दो दिन से सूर्य नहीं निकल सका है। गहरी सर्दी के चलते किसानों का पीला सोना समझी जाने वाली फसल सरसों तथा गेहूं की फसल को भले ही फायदा हुआ है, लेकिन सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते दिखाई दे रहे हैं। कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आसमान में बादलवाई होने से मंगलवार को सूर्य दिनभर दिखाई नहीं दिया। धुंध के कारण सड़क तथा रेल यातायात भी प्रभावित रहा। कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण गर्म कपड़ों में लिपटे रहे।

## खबर संक्षेप



कनीना। बागोत में सभा स्थल का निरीक्षण करते जेजेपी के पदाधिकारी।

### दुष्यंत कल करेंगे अटेली हलके के गांवों का दौरा

**कनीना।** जेजेपी के युवा अटेली हलका अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कनीना के सदस्य महीपाल नंबरदार ने बताया कि आगामी चार जनवरी को प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हलके के बागोत सहित कई गांवों का दौरा करेंगे। दुष्यंत चौटाला कांटी खेड़ी, तुर्कियावास, दौंगड़ा जाट, भोजावास, उन्हानी, खेड़ी तलवाना, बागोत गांव का दौरा करेंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों की समस्या सुनेंगे। जिसको लेकर जेजेपी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है।



महेंद्रगढ़। पत्रक बांटने का कार्य करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 22 जनवरी को सभी घरों में जलेंगे दीपक

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में दीप जगाकर दीपावली मनाने का निमंत्रण देने के लिए वार्ड नंबर-10 में रविशंकर तिवाड़ी के नेतृत्व में उनकी टोली द्वारा अयोध्या से आए अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक बांटने का कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी व नगर पालक महावीर भांडोरिया ने बताया कि इस टोली ने विक्रम प्रजापति के घर से अपने अभियान का शुभारंभ किया।

### आरपीएस के छात्र पारस ने किया नाम रोशन

**कनीना।** आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल की नौवीं के छात्र पारस पुत्र



सत्यवान सिंह निवासी कोटिया ने विद्या एकेडमी ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग की तरफ से त्रिशूर केरल में आयोजित इंडियन स्पेस साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता में हरियाणा की तरफ से प्रतिभागिता करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### मास्टर पोहप सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** शिक्षाविद् एवं पूर्व सैनिक के रूप में कार्य कर चुके मास्टर पोहप सिंह यादव का बीते दिनों निधन हो गया था। मंगलवार को उनकी पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जयरामदास धर्मशाला में किया गया। सर्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने स्वर्गीय मास्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सावधान : पार्टटाइम जॉब देने, टास्क व इंवेस्टमेंट के नाम पर हो रही साइबर ठगी

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम पर एड के माध्यम से विदेशी या स्वदेशी नंबरों से साइबर ठग कर रहे कॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम पर एड के माध्यम से विदेशी या स्वदेशी नंबरों से कॉल कर पार्टटाइम जॉब देने का झांसा देकर टास्क या इंवेस्टमेंट के नाम पर साइबर ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इनमें रुपये कमाने के लालच में लोग फंस रहे हैं और इससे वह अपनी कमाई गंवा देते हैं। कई मामलों में किसी साइट या चैनल को सब्सक्राइब करने का टास्क देकर रुपये कमाने का लालच दिया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। इन ऑनलाइन ठगी की घटनाओं के लेकर पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया है कि इस प्रकार की ठगी में साइबर अपराधियों की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पार्टटाइम जॉब का एड दिया जाता है। जिस पर क्लिक कर संपर्क करने के बाद वाट्सएप या टेलीग्राम पर पार्टटाइम जॉब देने के नाम पर संदेश आता है। उसमें अलग-अलग प्रकार के टास्क के बारे में बताया जाता है और कहा जाता है कि टास्क पूरा करने पर इतने रुपयेए मिलेंगे। शुरूआत में कुछ टास्क दिए जाते हैं और जब यह टास्क पूरा कर वाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते है, तो पेमेंट लेने के लिए टेलीग्राम की आईडी देते हैं और इस आईडी पर मैसेज कराया जाता है। जैसे ही टेलीग्राम पर मैसेज करते है, तो बैंक डिटेल मांगी जाती है। इसके बाद खाते में टास्क के अनुसार रुपये आ जाते है। फिर टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजा जाता है और उसमें एड करने की बात कही जाती है। शुरूआत में कुछ रुपये वापस मिलते हैं। इसके बाद में ग्रुप का एडमिन मैसेज भेजकर अधिक रुपये कमाने का लालच देते है। लालच में आकर इसमें रुपये इनवेस्ट कर देते हैं। जैसे-जैसे रुपये डालते जाते हैं तो लिंक के माध्यम से फर्जी वेबसाइट पर ले जाते हैं। जहां रुपये एक वर्चुअल खाते में दिखाई तो देते है, लेकिन जब उन्हें निकालने का प्रयास करते है तो उन्हें निकाल नहीं पाते। इसके बाद अलग-अलग शर्तें लगाते हैं। इस तरह रुपये फंस जाते है व टास्क फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं।

### कॉल व मैसेज को करें अनदेखा

किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नंबर से कोई पार्टटाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है, तो अच्छी तरह जांच पड़ताल करनी चाहिए। यदि शक हो तो उसे अनदेखा कर डिलिट कर देना चाहिए। पार्टटाइम जॉब ऑफर में ज्यादा मुनाफे के चक्कर में न फंसे और इस प्रकार के मैसेज को अनदेखा करें। किसी भी प्रकार की जॉब के लिए आपको रुपये देने की आवश्यकता नहीं होती है, इसलिए कोई भुगतान न करें। इसके अलावा यदि पार्टटाइम जॉब का ऑफर आता है तो वाट्सएप या टेलीग्राम की बजाय मिलकर आमने सामने ही बात करें। यदि पार्टटाइम जॉब के लिए मैसेज आता है तो जॉब देने वाली कंपनी के ऑफिस का पता लेकर उसे वैरिफाई करें। पार्टटाइम जॉब ऑफर देने वाली कंपनी से अप्वाइंटमेंट लेटर देने के लिए बात करें। पार्टटाइम जॉब ऑफर में जिस नंबर से वाट्सएप मैसेज आता है, उस नंबर पर जब आप कॉल करेंगे तो कभी भी आपका कॉल रिसीव नहीं किया जाता है, उसे साधारण कॉल करके सुनिश्चित करें।

### तुरंत करें पुलिस में शिकायत : एसपी

इस बारे में एसपी नितिश अग्रवाल ने बताया कि पुलिस की ओर से आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। आमजन साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बने व अपने साथियों को साइबर ठगी का शिकार होने से बचाएं। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है, तो बेझिझक साइबर क्राइम थाना या नजदीकी पुलिस थाना में जाकर थाना में स्थापित साइबर डेस्क व नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते है। राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर डायल कर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करवा सकते हैं।



एसपी नितिश अग्रवाल।

## प्रदेश में 552233 किसान करा चुके 258758 एकड़ फसल का पंजीकरण

# पीपीपी में एक मोबाइल नंबर से परिवार के अन्य सदस्यों का नहीं हो रहा पंजीकरण

- पंजीकरण में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए परिवार पहचान पत्र किया गया था अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

मेरी फसल मेरा ब्योरा (एमएफएमबी) पोर्टल पर रबी की फसलों का पंजीकरण कराने के लिए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) की अनिवार्यता ने काफी किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में सभी सदस्यों का मोबाइल नंबर एक होने होने के कारण एक ही परिवार के दो या उससे अधिक सदस्य किसानों को मेरी फसल मेरो ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हो पा रहा हैं। ऐसे में किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। परिवार पहचान पत्र में परिवार के सभी सदस्यों की डिटेल में एक ही मोबाइल नंबर फोड होने से यह परेशानी बढ़ी हुई है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर एक मोबद्दल नंबर से एक ही सदस्य का पंजीकरण होता है। इससे पहले एमएफएमबी पोर्टल पर आधार कार्ड नंबर से पंजीकरण होता रहा है, जिसके चलते उनके सामने ऐसी परेशानी नहीं आती थी। इस साल विभाग की तरफ से किसी भी तरह के फजीर्वाड़े को रोकने के लिए किसानों के हित उठाया गया यह कदम अब उनके लिए हो परेशानी बना हुआ है। इस समस्या के समाधान के लिए किरान कृषि विभाग के कार्यालय और कामन सर्विस सेंटर पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण को संख्या भी नहीं बढ़ पाई है।



महेंद्रगढ़। कृषि विभाग कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### किसान मोबाइल नंबर करवाएं अपडेट



कृषि एवं कल्याण विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि अगर किसी किसान इस प्रकार की समस्या आ रहीं है तो परिवार पहचान पत्र में अपना मोबाईल नंबर अपडेट करवाकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकता है।

*-उपमंडल अधिकारी डॉ. अजय यादव।*

### जरूरी दस्तावेज

-परिवार पहचान पत्र
-जमीन की फर्द
-मोबाइल नंबर
-बैंक का खाता

### जिले में फसल का रकबा

सरसों 2.70 लाख एकड़
गेंहू 75 हजार एकड़
चना 12 हजार एकड़
दलहन फसल 2500 एकड़
जौ 700 एकड़
फल, सब्जी व चारा 5 हजार एकड़

| जिला | कुल क्षेत्र रजिस्ट्रेशन | कुल किसान |
|---|---|---|
| अंबाला | 12774 | 24357 |
| भिवानी | 324995 | 57839 |
| फरीदाबाद | 9948 | 1694 |
| फतेहाबाद | 193784 | 26920 |
| गुरुग्राम | 51589 | 14876 |
| हिसार | 270128 | 39334 |
| झज्जर | 107728 | 19313 |
| जींद | 129968 | 18237 |
| कैथल | 206144 | 26612 |
| करनाल | 260548 | 34594 |
| कुरूक्षेत्र | 184404 | 31413 |
| महेंद्रगढ़ | 183364 | 51259 |
| मेवात | 44471 | 8087 |
| पलवल | 70539 | 12505 |
| पंचकुला | 16943 | 3524 |
| पानीपत | 87869 | 11260 |
| रेवाड़ी | 124154 | 32911 |
| रोहतक | 64574 | 9772 |
| सिरसा | 466569 | 62573 |
| सोनीपत | 73577 | 11832 |
| यमुनानगर | 131333 | 29117 |
| चरखी दादरी | 128560 | 27504 |
| कुल | **3258758** | **552233** |

**काश्तकार दिखाकर करवा लेते थे पंजीकरणः** गत वर्ष कई लोगों ने खुद को काश्तकार दिखाकर किसानों की जमीन पर अपने नाम से फसल का पंजीकरण करा लिया था। इस बार विभाग की तरफ से किसी भी तरह के फजीवाड़े को रोकने के लिए किसानों के हित उठाया गया यह कदम अब उनके लिए ही परेशानी बना हुआ है।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते राव बहादुर सिंह। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी स्थापना दिवस के कार्यक्रम का दिया निमंत्रण

- 14 जनवरी को नई अनाज मंडी चरखी दादरी में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने मंगलवार को सूरजगढ़ (राजस्थान) हल्के के गांवों का दौरा कर यदुवंशी स्थापना दिवस के भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। यह कार्यक्रम 14 जनवरी को नई अनाज मंडी चरखी दादरी में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सूरजगढ़ हल्के के ढ़ाणी संपत सिंह, रामबास, नुहानिया, काजला, भूरीवास, जैतपुर, कुहाड़वास, रायली, झारोडा, इस्माईलपुर, धूलवा, मनोहरपुरा, ठोठी, गादली, कलवा, नरात, ढ़ाकामांडी, बासड़ी, नानवास, निम्बास, लालामांडी, उदामांडी, बृजपुरा, कलोठड़ा, निहालपुरा (नया गांव) गांवों का दौरा कर सभी विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। उनका यह सम्मान समारोह एक नवंबर से जारी है जिसमें उन्होंने अब तक महेंद्रगढ़-भिवानी हल्के के सभी गांवों में जाकर विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया है। राव बहादुर सिंह ने यह साबित कर दिखाया है कि बिना शिक्षा के देश व समाज उन्नति नहीं कर सकता। शिक्षा ही वह अमोघ शस्त्र है, जिसके बल पर भारत देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आने वाला है। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा राव को फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।


### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूनम देवी जिला पार्षद, ढिल्लू पूर्व जिला पार्षद, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया, टिल्लू सरपंच, बबीता, भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र व राजबीर सरपंच सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पविता यादव ने साहसिक शिविर में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पविता यादव ने हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग की राज्य एनएसएस सेल की ओर से आयोजित 10 दिवसीय साहसिक शिविर में भाग लिया। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान मनाली में राज्य स्तरीय दस दिवसीय साहसिक शिविर का आयोजन किया गया। इस साहसिक शिविर में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। इस शिविर में राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पविता यादव का इस कैंप में बतौर कंटिजेंट इंचार्ज चयन किया गया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के एनएसएस प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर ने राजकीय महाविद्यालय सहायक प्रोफेसर डॉ. पविता यादव का चयन इस शिविर के लिए किया जो कि सामाजिक गतिविधियों में अग्रसर रहतीं हैं। अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट डायरेक्टर अविनाश नेगी ने एबीवीआईएमएएस का बैच लगाकर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पविता यादव को सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने बहादुरी से सभी गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पविता यादव के महाविद्यालय पहुंचने पर उनका सम्मान किया गया।



महेंद्रगढ़। डॉ. पविता यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- महाविद्यालय पहुंचने पर किया सम्मान

# खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

खेलों को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। जहां टीम वर्क होता है वहां पर पूरी टीम के एक-एक सदस्य के सहयोग का महत्व होता है, तभी उस कार्य में सफलता मिलती है। उक्त विचार न्यायाधीश राम अवतार पारीक ने आरपीएस विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए व्यक्त किए।

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस अब शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपने बच्चों को बेहतर मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा निखारने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए समय पर उचित मंच मिलना आवश्यक है। उन्होंने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि आरपीएस के खिलाड़ी अब जिला स्तर के साथ-साथ राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलीट, हॉकी सहित अन्य विभिन्न प्रकार के खेलों में आज आरपीएस के खिलाड़ी अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं यह सब विद्यार्थियों की मेहनत, खेल प्रशिक्षकों का उचित मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो पा रहा है। विंग हेड ममता यादव ने कहा कि मिडिल विभाग के लगभग 2000 विद्यार्थियों ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया हैं।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

- प्रतिभाओं को निखारने के लिए समय पर उचित मंच मिलना आवश्यक : डॉ. पवित्रा राव

### ये रहे विजेता

आठवीं कक्षा की 100 मीटर बालिका दौड़ में पूजा प्रथम, प्रिया द्वितीय, आयशा तृतीय, छठी कक्षा के 200 मीटर बालक दौड़ में यश यादव प्रथम, कार्तिक द्वितीय, विराज तृतीय, सातवीं कक्षा 400 मीटर बालक दौड़ में नमन प्रथम, आशीष द्वितीय, संघर्ष तृतीय, सातवीं कक्षा से लड़कों की लेमन रेस में आयुष छिल्लर प्रथम, इशांत यादव दूसरे स्थान पर, जय संवेदना तीसरे स्थान पर रहे। छठी कक्षा के लड़के की धीमी साइकिल दौड़ में उमंग प्रथम, नक्ष द्वितीय तथा कार्तिक तृतीय रहे। कक्षा छठी से लॉन्ग जंप में रजनी प्रथम, वेदांशी द्वितीय, प्रिंस तृतीय, कक्षा आठवीं की थ्री लेग रेस में मयंक प्रथम, सक्षम द्वितीय, नमन तृतीय, 400 मीटर रेस में मुस्कान प्रथम, प्रज्ञान द्वितीय पल्लवी तृतीय, लड़कों की 400 मीटर रेस में अवधेश प्रथम, वीरेश द्वितीय, तनिष्क तृतीय रहे।

# एम्स का निर्माण जल्द शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एम्स संघर्ष समिति मनेठी के आह्वान पर मंगलवार को माजरा एम्स निर्माण का कार्य अविलंब शुरू करने व ओपीडी शुरू करने की मांग को लेकर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन सीटीएम डा. मंगल सेन को सौंपा। जिसमें मांग की कि मनेठी एम्स की घोषणा वर्ष 2015 से लम्बित है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाए, साथ ही ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं भी जब तक एम्स भवन का निर्माण पूरा नहीं हो जाता, किसी विकल्प स्थान पर शुरू की जाए। ज्ञापन में कहा कि वर्ष 2015 में घोषित एम्स का अभी तक शिलान्यास भी नहीं होने से जनता में भारी आक्रोश व निराशा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री के उस कथन जिसमें उन्होंने कहा था कि हम परियोजना का शिलान्यास के साथ-साथ उद्घाटन भी करते है को याद दिलाते हुए उसे अविलंब पूरा करने की मांग की गई। इस मौके पर कामरेड ओमप्रकाश, एडवोकेट महावीर प्रसाद, मास्टर सूबेसिंह, सीताराम प्रधान, छाजूराम रावत, महावीर गोद, भीमसेन आदि मौजूद थे।



नारनौल। सीटीएम डा. मंगल सेन को ज्ञापन सौंपते लोग। फोटो : हरिभूमि

- प्रधानमंत्री के नाम सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

# दो दिन जिले में रहेंगे डिप्टी सीएम दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- दो दर्जन गांवों का करेंगे दौरा, जनसभा को करेंगे संबोधित



डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला दो दिन महेंद्रगढ़ जिला में रहेंगे। पहले दिन चार जनवरी को अटेली व कनीना क्षेत्र में रहेंगे। इसके बाद पांच जनवरी को महेंद्रगढ़ व नारनौल विधानसभा के गांवों में पहुंचेंगे और लोगों की समस्या सुनेंगे। इस संबंध में जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला चार जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे गांव कांटी खेड़ी, साढ़े 11 बजे सलीमपुर तुर्कियावास, साढ़े 12 बजे भोजावास, दोपहर डेढ़ बजे दौंगड़ा जाट, ढाई बजे खेड़ी तलवाना, 3:20 बजे बाधोत और शाम चार बजे उन्हाणी में पहुंचेंगे। इसके बाद अगले दिन पांच जनवरी को सुबह साढ़े आठ बजे गांव खातोद, 10 बजे सिहमा, 10:50 बजे गांव मेई, 11:40 बजे नूनी सलूनी, दोपहर साढ़े 12 बजे शहरपुर, 12:50 बजे बड़गांव व ढाई बजे बड़कोदा के बाद दोपहर 2:50 बजे नारनौल शहर के बीचों-बीच स्थित एतिहासिक स्मारक बीरबल का छत्ता भवन की विजिट करेंगे। यहां से डिप्टी सीएम दोपहर 3:25 बजे गांव ताजीपुर, शाम 4:20 चिंडालिया और सवा पांच बजे डोहरकलां में पहुंचेंगे। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवरसिंह कलवाड़ी, राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यू राव व प्रदेश महासचिव तेजप्रकाश एडवोकेट सहित कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

# स्वयंसेवकों ने निकाली नशा जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को यदुवंशी शिक्षा निकेतन निदेशक विजय सिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय के नजदीक की कॉलोनी शिक्षा नगर एवं हनुमान नगर में जाकर लोगों को प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने जन-जन की यही पुकार, नशामुक्त हो हर परिवार, साक्षरता हम फैलाएंगे-नशे को जड़ से मिटाएंगे नारों के साथ कस्बे का भ्रमण किया। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा ही नशे की बुराइयों को दूर कर सकती है। बच्चों में नैतिक शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। यदि हम अपने संस्कार व नैतिक शिक्षा का पालन करेंगे तो निश्चित तौर पर नशे से दूर रहेंगे। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी स्वयंसेवकों की हौसला अफजाई की तथा कहा कि आपको पूरे कैंप के दौरान सच्चे दिल से व निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करना है।



महेंद्रगढ़। हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जमीनी विवाद में पिता ने बेटे पर किया हवाई फायर

**महेंद्रगढ़।** गांव झगड़ौली में मंगलवार जमीन के बंटवारे में लेकर हो रहे झगड़े में एक पिता ने अपने बचाव में एक हवाई फायर कर दिया हैं। मिली जानकारी के अनुसार गांव झगड़ौली में एक पिता व उसके बेटे के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा हैं। पिछले तीन दिन युवक जमीन को लेकर अपने पिता और दादा के साथ झगड़ा कर रहा था। मंगलवार को एक बार फिर जमीन के बंटवारे को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी बीच युवक अपने पिता में ईट पर हमला करने की कोशिश की। पिता ने अपने बचाव में अपनी लाइसेंस रिवाल्वर से एक हवाई फायर कर दिया। युवक नशे का आदि बताया जा रहा हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची थी।

## शहरों की तर्ज पर किया जाएगा गांवों का विकास : यादव

# विकास के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने मंगलवार को सिंचाई विश्राम गृह में पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने सिहमा व नारनौल ग्राम पंचायत में चल रहे विकास की प्रोग्रेस रिपोर्ट ली, साथ ही मंत्री ने नारनौल विधानसभा क्षेत्र के सिहमा खंड व नारनौल खंड के अधीन गांव में एसबीसी चौपाल के लिए जारी फंड के खर्च को लेकर प्रोग्रेस रिपोर्ट ली। इस अवसर पर मंत्री ने हरियाणा ग्रामीण विकास निधि के तहत खर्च किए जाने वाले पैसे को लेकर जानकारी ली तथा कहा कि सरकार की योजना के अनुसार गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर किया जाएगा। देश की 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण अंचल में बसती है, अगर गांव का व्यक्ति खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। विकास कायार्ं में क्वालिटी का विशेष ध्यान रखें, अगर किसी तरह क्वालिटी में कोतवाली बरती तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरपंचों से तालमेल बनाकर गांव में विकास के लिए खाखा तैयार करें। इस मौके पर पंचायत विभाग के एसडीओ राजकुमार, जेई ऋषिराज, नितिन, अश्वनी, प्रदीप आदि मौजूद थे।



नारनौल। सिंचाई विभाग विश्राम गृह में पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005